आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 30.10.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर श्री विनय मोहन श्रीवास्तव, महाप्रबंधक के नेतृत्व में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशासनिक भवन में सतर्कता प्रतिज्ञा की शपथ दिलायी गयी। इस वर्ष आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य विषय ''ईमानदारी–एक जीवन शैली'' हैं। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान दिनांक 28.10.2019 से 02.11.2019 तक विभिन्न कियाकलापों का आयोजन किया जाएगा ।

इसी कम में आज केन्द्रीय विद्यालय के सभा सत्र में ''**ईमानदारी–एक जीवन शैली**'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिस पर लोगों ने अपने–अपने विचार व्यक्त किये, इसके साथ ही भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए ईमानदारी की प्रतिज्ञा भी ली गयी। ईमानदारी सर्वोत्तम नीति हैं, इस विषय पर भी वाद–विवाद/निबन्ध लेखन/कार्टून/पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया ।

इसके साथ ही सम्मेलन हाल/मिनी प्रशासनिक भवन में अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों के लिए '' **ईमानदारी–एक जीवन शैली** '' विषय पर सेमिनार और ग्राहक/ठेकेदार शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कारखाने के अंदर कार्य कर रहे ठेकेदारों की समस्याओं का निदान किया गया, और कार्यक्रम में सभी उपस्थिति अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों को भ्रष्टाचार खत्म करने और सत्यनिष्ठा व ईमानदारी की शपथ भी दिलायी गयी।

अमित 30.10.19

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी

Scanned by CamScanner